आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है।
- 'बियॉन्ड होराइजन–ऑल इंडिया राइटर्स फेस्टिवल' आज से शुरू हो रहा है।
- दानिक्स प्रशिक्षुओं ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर प्रशासनिक योजनाओं की जानकारी ली।
- इंडिया टूरिज्म ने पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सेमीनार का आयोजन किया।

<><><><><><><>

संसद ने बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इसे कल राज्यसभा से मंजूरी मिल गई। लोकसभा पहले ही विधेयक को पारित कर चुकी है। विधेयक का उद्देश्य बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के लिए वर्तमान विकल्पों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने देश में बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में बैंक दबाव में थे और नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने पर एक मजबूत बैंकिंग प्रणाली ढांचा तैयार किया, जिससे बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे। वित्तमंत्री ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 2014 से करीब चार लाख लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ वसूली के लिए कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग एवं साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से–'बियॉन्ड होराइजन–ऑल इंडिया राइटर्स फेस्टिवल' आज से शुरू हो रहा है। जो उनतीस मार्च, तक चलेगा। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह दो दिवसीय महोत्सव टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में कल सवेरे दस बजे आरंभ होगा। इस साहित्य महोत्सव में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखक और कवि भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य साहित्य प्रेमियों के लिए एक समृद्ध अनुभव बनाना है।

<><><><><><><>

इंटर नेशनल ह्यूमन राइट्स क्राइम कन्ट्रोल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलिनपुर पंचायत में आयोजित इस कार्यक्रम का

उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में कानून संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर डी एल एस ए के अध्यक्ष एवं ज़िला न्यायधिश मुख्य अतिथि थे। उन्होंने इस पहल के माध्यमसे ग्रामीण क्षेत्रों में कानून संबंधी जानकारी दी।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान, पंचायती राज संस्थान के सदस्यों सहित क्षेत्र के लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का समापन आई एच आर सी सी ओ की अध्यक्ष सरस्वती नारायण के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके इक्कीस दानिक्स प्रशिक्षुओं ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। इस बैठक में उपराज्यपाल ने अधिकारियों को प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न मेगा परियोजनाओ की जानकारी दी। इस दौरान द्वीपसमूह में चल रहे विकास कार्यों, बुनियादी ढ़ांचे की योजनाओं और रणनीतिक परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर प्रशासन द्वारा द्वीपों के सतत विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की गई।

<><><><><><><>

पर्यटन मंत्रालय के श्री विजयपुरम स्थित इंडिया टूरिज्म ने अण्डमान निकोबार टूर ऑपरेटर एसोसिएशन के सहयोग से हाल ही में एक सेमीनार का आयोजन किया।टी एस जी एमिराल्ड व्यूव में आयोजित इस समारोह का उद्देश्य द्वीपसमूह में कम जानकारी वाले पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर अण्डमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीस के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखरन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपों में पर्यटन स्थलों की कमी नहीं है। इनके बारे में हम जितनी जानकारी लेंगे, जितना बढ़ावा देंगे, उतने ही रोजगार के अवसर हमारे सामने आएंगे।

कार्यक्रम में भारत पर्यटन के सहायक निदेशक एन. वेलुमुरूगन ए एन सी सी आई के महासचिव मदन लाल, उद्योग जगत से जुड़े लोग, पंयायत प्रधान और अन्य गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर द्वीपसमूह के कई स्थलों की चर्चा की गई, जहा प्राकृतिक संपदा भरपूर है, लेकिन उनका पर्यटन की दृष्टि से विकास नही हुआ है। इस मौके पर सहायक निदेशक एन वेलुमुरूगन ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का समापन एन्टोवा के अध्यक्ष सिमसन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निदेशानुसार सभी विभागों में तिमाही मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। कल स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में भूकम्प एवं आग पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विभाग की आपदा प्रतिक्रिया का आंकलन करना था। सुबह साढ़े नौ बजे टेबल टॉप अभ्यास से इसकी शुरूआत हुई। इस सत्र की अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एन्थोनी ने की।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

स्वराज द्वीप में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया हैं। सांसद ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर द्वीपसमूह के लिए बजट पर चर्चा करने के समाचार को भी पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने पुस्तक मेला – दो हजार पच्चीस के दौरान खाद्य स्टॉलों के लिए आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार ने द्वीपसमूह में हम्फ्रीगंज गांव में किसानों के लिए खेत दिवस कार्यक्रम पर आई पी एम किट वितरित करने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में जगह दी है। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा साहित्य महोत्सव – 2025 का आयोजन करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है। कलपोंग नाले में घटते जलस्तर के प्रति चिन्ता के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। अखबार ने पी एच सी हटबे में नसबंदी शिविर आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के उपरी भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>